**Page Three**

**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# उत्तराखंड में मौसम ने करवट ली,ऊंचाई वाले इलाकों बर्फबारी

**मौसम**

## देहरादून में चटख धूप के साथ मौसम रहा साफ

**संवाददाता**

देहरादून। दोपहर बाद उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदल ली और ऊंचाई वाले इलाकों बर्फबारी हुई। वहीं इससे पहले मंगलवार दिन–भर देहरादून में मौसम साफ बना रहा। चटख धूप खिली रही, जिससे ठंड से राहत मिली।

मंगलवार को दोपहर बाद चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं निचले क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, गौरसों बुग्याल, औली सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। जोशीमठ, गोपेश्वर, मंडल घाटी, उर्गम घाटी, पोखरी सहित निचले क्षेत्रों में बारिश हुई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यहां सुबह से मौसम साफ बना हुआ था।



**कोहरे की मार, देर से खुल रहा और जल्दी बंद हो रहा बाजार** हरिद्वार में तापमान में हर रोज उतार चढ़ाव हो रहा है, लेकिन ठंड कम नहीं हो रही है। मंगलवार को सोमवार की तुलना में अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ गया, जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री नीचे आ गया। शहरी क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक और देहात क्षेत्र में दिन भर कोहरा छाया रहा। शीत लहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाई। शीत लहर चलने से लोग बेहाल नजर आए।

पर्वतीय इलाकों में बर्फ पिघलने से मैदानी इलाकों में शीत लहर का प्रकोप है। हरिद्वार गंगा किनारे सुबह–शाम कोहरे की धुंध के साथ ठंडी हवाएं चल रही हैं। घाटों पर लोगों की आवाजाही नहीं हो रही है। दिन ढलते ही बाजारों में सुनसानी छा जाती है। बाजारों में भी सुबह 11 बजे बाद ही दुकानों के शटर उठ रहे हैं। सुबह–शाम की ठंड से लोग बचाव करते नजर आ रहे हैं। निराश्रित और खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।

मौसम विभाग के ऋतु अलोकशाला के शोध पर्यवेक्षक नरेंद्र रावत के मुताबिक मंगलवार को तापमान में काफी उतार चढ़ाव दर्ज हुआ। अधिकतम तापमान 14 डिग्री पहुंच गया, जो कि सोमवार को 11 डिग्री रिकॉर्ड किया था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान लुढ़कर चार डिग्री सेल्सियस आ गया, जो कि सोमवार को 6.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। नरेंद्र रावत के मुताबिक आगामी दिनों में शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा।

## न्यूज डायरी

### लक्ष्य सेन को इंडिया ओपन एकल वर्ग का खिताब जीतने पर बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन द्वारा इंडिया ओपन एकल वर्ग का खिताब जीतने पर उन्हें अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी लक्ष्य सेन की सफलता पर अग्रवाल ने कहा कि यह देश सहित प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। लक्ष्य सेन ने इंडिया ओपन के एकल स्पर्धा का खिघ्ताब अपने नाम किया है। 20 वर्षीय लक्ष्य ने मौजूदा विश्व चौंपियन लोह कीन येव को सीधे सेटों में हराकर अपना पहला इंडिया ओपन खिताब जीता। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड के इस होनहार खिलाड़ी के लिए यह एक शानदार उपलब्धि है।

### ढोल वादन में कालसी की अंजू ने प्रथम स्थान हासिल किया

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता 2021–22 में उत्तराखण्ड की अंजू ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। अंजू, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हरिपुर कालसी जनपद–देहरादून कक्षा 10वीं की छात्रा ने पारम्परिक लोक वाद्य यंत्र विधा के अन्तर्गत ढोल वादन में प्रथम स्थान हासिल किया। अंजू ने हारूल जैता, नाटी रासो आदि धुनों पर ढोल वादन में प्रस्तुति दी। ढोल वादन में अंजू के साथ संगतकर्ता के रूप में दमाऊ पर साधना और रणसिंहा पर रिंकी द्वारा संगत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव प्रतियागिता का परिणाम 18 जनवरी को भारत सरकार द्वारा वर्चुअल माध्यम से जारी किये गये। कला उत्सव का आयोजन विद्यालय स्तर से जनपद स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के रूप में विभिन्न चरणों में सम्पन्न होता है।

### रियलमी ने अल्टीमेट परफॉर्मर रियलमी 9आई का अनावरण किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने क्वॉलकोम स्नैपड्रैगन 680 प्रोसेसर युक्त अपने अल्टीमेट परफॉर्मर रियलमी 9आई के लॉन्च की घोषणा की रियलमी 9आई क्वॉलकोम स्नैपड्रैगन 680 के साथ रियलमी का पहला स्मार्टफोन है जो 6नैनोमीटर प्रक्रिया पर आधारित है इस स्मार्टफोन में डार्ट चार्जिंग सॉल्यूशन विशाल बैटरी बेहतरीन नाईटस्केप कैमरा स्मूथ एडैप्टिव डिस्प्ले जैसी अनेक खूबियां हैं जो युवाओं को अतुलनीय अनुभव प्रदान करेंगी। लॉन्च के अवसर पर माधव शेठ सीईओ रियलमी इंडिया वीपी रियलमी एवं प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप ने कहा हर नंबर सीरीज यूजर्स को नए व आकर्षक इनोवेशन प्रस्तुत करती है।

## युवाओं की दुर्दशा, प्रदेश की बर्बादी के लिए बीजेपी व कांग्रेस जिम्मेदार

**संवाददाता** उत्तरकाशी। आप पार्टी के सीएम उम्मीदवार कर्नल कोठियाल आज अपने गंगोत्री विधानसभा भ्रमण के सातवे दिन भी कई गांवों में पहुंच कर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में पहुंचे। अपने आज के दौरे की शुरुवात उन्होंने पार्टी कार्यालय उत्तरकाशी में कई युवाओं को आप की सदस्यता दिलाई। आप पार्टी कार्यालय में अलग अलग गांवों से कई युवा आप की सदस्यता ग्रहण करने पहुंचे थे जो आप की नीतियों को देखते हुए कर्नल कोठियाल को अपना समर्थन देने पहुंचे थे। कर्नल कोठियाल ने सभी को आप की सदस्यता दिलाते हुए उन्हें विधिवत पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर युवाओं ने कहा कि वो आप की नीतियों से काफी प्रभावित हुए हैं और इसी कारण उन्होंने आज आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। वहीं युवाओं ने नारे बाजी करते हुए कहा कि इस बार कर्नल कोठियाल ही प्रदेश का नवनिर्माण करेंगे। उन्होंने बताया कि कर्नल कोठियाल के पास बेरोजगार युवकों के लिए एक विजन है ,क्योंकि बिना सत्ता में रहे उन्होंने 10 हजार से ज्यादा युवाओं को यूथ फाउंडेशन के माध्यम से भारतीय फौज मै भर्ती करवाया है। इसके बाद कर्नल कोठियाल ने रोजमर्रा की तरह आज भी कई गांवों में डोर टू डोर प्रचार किया। आज उन्होंने दूरस्थ गॉव सेखु,गजोली,गणेशपुर आदि जगहों पर डोर टू डोर जन संपर्क किया गया । ग्रामीणों ने कर्नल कोठियाल को अपने बीच पाकर उनका फूलमालाओं से स्वागत किया।



## बीजेपी के पक्ष में मतदान की अपील की

**संवाददाता** नई टिहरी। माता रानी कुंजापुरी के मंदिर जाते हुए बडेडा ग्राम सभा में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा और पूर्व विधायक नरेंद्र नगर ओम गोपाल रावत ने लोगों से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में मतदान की अपील की। ग्रामीणों ने भी पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत से इस दौरान चर्चा की। मंगलवार को पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, देहरादून नगर निगम के मेयर सुनील उनियाल गामा और ओम गोपाल रावत कुंजापुरी माता के दर्शन को पहुंचे। इस दौरान रास्ते में स्थानीय लोगों से बीजेपी नेताओं ने मुलाकात की। बडेडा के ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिए भाजपा सरकार जरूरी है, ताकि शुरू किये गये विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जा सके।

# हरक सिंह रावत के जाने से भाजपा को कोई नुकसान नहीं

**संवाददाता** पिथौरागढ़। चुनावी मौसम में दलबदल की राजनीति से उत्तराखंड की राजनीति दिलचस्प होती जा रही है। यशपाल आर्य, संजीव आर्य, हरक सिंह रावत व सरिता आर्य के दलबदल से प्रदेश राजनीति का सियासी पारा हाई है। इस दलबदल को लेकर तमाम बयानबाजी भी होती रहती हैं। ताजा मामला हरक सिंह रावत को लेकर है। पेयजल मंत्री एवं भाजपा नेता विशन सिंह चुफाल ने कहा कि हरक के जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। इसके अलावा उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत पर भी हमला बोला।

### हरीश रावत डीडीहाट चुनाव लडने आएं तो स्वागत हैः चुफाल

मंगलवार को चंडाक रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पेयजल मंत्री विशन सिंह चुफाल ने कहा कि हरीश रावत डीडीहाट चुनाव लडने आएं तो स्वागत है। वह अलग–अलग जगहों से चुनाव लड़ते हैं। वह चुनाव कहीं से भी लड़ सकते हैं। जवाब तो जनता को देना है। फैसला करने वाली भी जनता है। कहा कि भाजपा 2017 के चुनाव में जो वायदे किए थे उन वायदों को पूरा किया है। 2017 में भी भाजपा जनता के सामने वादों को लेकर गई थी । जनता ने उन वादों पर विश्वास किया भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला। 2017 के वादों को भाजपा ने पूरा किया है। भाजपा अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रही है। जनता का विश्वास भाजपा पर ही है।

डीडीहाट सीट से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के चुनाव लडने की संभावना पर पूछे गए सवाल में चुफाल ने कहा कि चुनाव लडना उनका अधिकार है। वह तो चुनाव लड़ते रहते हैं। क्या –क्या बोलते हैं इससे हमें कोई लेना देना नहीं है। वह कभी हरिद्वार, कभी किच्छा तो कभी पिथौरागढ़ के धारचूला से भी चुनाव लड़े हैं। वह चुनाव लडने आते हैं तो उनका स्वागत है। फैसला तो जनता करती है। अभी भी जनता ही जबाव देगी। हरक सिंह रावत के संबंध में पूछे जाने पर चुफाल ने कहा कि हरक सिंह की गतिविधि कोई नई नहीं है।

## चुनाव आयोग से उत्तराखंड में भी मतदान की तिथि बदलने की मांग की

**संवाददाता** देहरादून। चुनाव आयोग की ओर से पंजाब में मतदान की तारीख बढ़ाने के साथ ही उत्तराखंड में चुनाव तिथि में बदलाव की मांग उठ रही है। विभिन्न संगठनों की ओर से आयोग से उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थिति और पलायन को देखते हुए मतदान के लिए रविवार का दिन और मार्च के पहले सप्ताह में तिथि तय करने का आग्रह किया गया है। चुनाव आयोग ने उत्तराखंड में मतदान के लिए 14 फरवरी का दिन तय किया है। इस दिन सोमवार है। जानकारों के मुताबिक फरवरी महीने में प्रदेश के चमोली, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी समेत कई जिलों के ऊंचाई क्षेत्रों में मौसम खराब होने से बर्फबारी की संभावना रहती है। जिससे पोलिंग पार्टियों को बूथ तक पहुंचने के साथ लोगों को वोट डालने के लिए बूथ पहुंचने में दिक्कत हो सकती है।

वहीं 14 फरवरी को सोमवार है। जिससे दिल्ली समेत अन्य राज्यों में नौकरी पेशा वाले उत्तराखंड प्रवासियों को वोट डालने के लिए आना संभव नहीं होगा।